# भुगतान प्रक्रिया में प्रस्तावित बदलावों पर आरबीआई का नया कदम, लोगों से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली**। भारतीय रिजर्व बैंक ने भुगतान प्रक्रिया में प्रस्तावित बदलावों पर आम लोगों की राय मांगी है। इन बदलावों में यूपीआई के जरिए भुगतान करने करने पर चार्ज वसूले जाने का प्रस्तावित बदलाव भी शामिल है। बता दें कि आरबीआई ने डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी पॉलिसी के तहत बीते वर्ष 8 दिसंबर को एक डिस्कशन पेपर रिलीज किया था जिनमें भुगतान प्रक्रियाओं पर चार्जेज वसूले जाने की बात



कही गई थी। इस डिस्कशन पेपर को 17 अगस्त को रिलीज किया गया है। इसी पर आरबीआई ने आम लोगों से सुझाव मांगे हैं। आरबीआई ने कहा है कि लोगों को अपना सुझाव तीन अक्टूबर 2022 तक ईमेल के माध्यम से देना है।

# इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का एक ही चार्जिंग पोर्ट लाने की तैयारी, विशेषज्ञ समूहों का गठन करेगी सरकार

**नई दिल्ली**। मोबाइल, टैबलेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए अलग-अलग चार्जर का उपयोग करने वालों के लिए अच्छी खबर है। दरअसल पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए एक ही चार्जिंग पोर्ट का अध्ययन करने के लिए सरकार विशेषज्ञ समूहों का गठन करेगी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि सरकार मोबाइल, टैबलेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए एक ही चार्जर की संभावना तलाशने को लेकर विशेषज्ञ समूहों का गठन करेगी। ये समूह दो महीनों में अपनी विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा। उन्होंने उद्योगों से जुड़े पक्षों के साथ बैठक के बाद कहा कि भारत शुरुआत में दो प्रकार के चार्जर अपनाने पर विचार कर सकता है, जिसमें सी प्रकार का चार्जर भी शामिल है। रोहित कुमार ने कहा कि यह जटिल मुद्दा है। देश चार्जर के निर्माण की स्थिति में है। हमें अंतिम निर्णय लेने से पहले उद्योग, उपयोगकर्ताओं, विनिर्माताओं समेत सभी के दृष्टिकोण को समझना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पक्ष का अलग-अलग नजरिया है जिसे जानने के लिए विशेषज्ञ समूहों का गठन किया जाएगा। सिंह ने कहा कि मोबाइल, फीचर फोन, लैपटॉप और आइपैड तथा पहने जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले चार्जिंग पोर्ट का अध्ययन करने के लिए अलग-अलग विशेषज्ञ समूह बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन समूहों को इस महीने अधिसूचित किया जाएगा, जो दो महीने में अपनी सिफारिशें सौंपेंगे।



# गौतम अडाणी सिंगापुर में 26-27 सितंबर को फोर्ब्स ग्लोबल सीईओ सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली**। अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी सिंगापुर में 26-27 सितंबर को आयोजित फोर्ब्स ग्लोबल सीईओ सम्मेलन को दूसरे दिन संबोधित करेंगे।

इस कार्यक्रम में सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री लॉरेंस वोंग भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। फोर्ब्स मीडिया ने जारी बयान में कहा कि 20वें फोर्ब्स ग्लोबल सीईओ सम्मेलन में करीब 400 प्रमुख सीईओ, उद्यमियों और निवेशकों को बुलाए जाने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम के लिए करीब 40 वक्ताओं ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। गौतम अडाणी सम्मेलन के दूसरे दिन अपना भाषण देंगे। फोर्ब्स के मुताबिक इस सम्मेलन के उद्घाटन के दिन वोंग और फोर्ब्स मीडिया के चेयरमैन और प्रधान संपादक स्टीव फोर्ब्स के बीच आमने-सामने बातचीत होगी। इसके अलावा अन्य वक्ताओं में जनरल अटलांटिक के वाइस चेयरमैन अजय बंगा, बायजू के संस्थापक और सीईओ बायजू रवींद्रन और सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला शामिल हैं।

# शहरों में बेरोजगारी एक साल के उच्च स्तर पर, अगस्त के 15 दिनों में गांवों में 7.18 फीसदी

**नई दिल्ली।** शहरी इलाकों में इस महीने के पहले 15 दिनों में बेरोजगारी की दर 9.35 फीसदी पर पहुंच गई है। यह अगस्त, 2021 के बाद सबसे ज्यादा है। उस समय बेरोजगारी दर 9.78 फीसदी थी। इस महीने गांवों में बेरोजगारी दर 7.18 फीसदी रही है। हालांकि यह जून में 8.03 फीसदी और जुलाई में 6.14 फीसदी पर थी।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनमी के हालिया आंकड़ों के अनुसार, अगस्त, 2021 में देश में बेरोजगारी की दर 8.32 फीसदी थी और उसके बाद इस साल फरवरी में यह फिर से एक बार आठ फीसदी के पार पहुंच गई थी। उस समय गांवों में भी एक साल में बेरोजगारी दर आठ फीसदी के पार सर्वोच्च स्तर पर थी। पिछले एक साल में पूरे देश में सबसे कम बेरोजगारी दर इस साल जनवरी में थी।




**25 जुलाई के बाद से शहरों में आठ फीसदी से ऊपर दर-** इस साल 25 जुलाई के बाद से शहरी इलाकों में हर दिन 8 फीसदी के ऊपर ही बेरोजगारी दर रही है। पिछले 21 दिनों में इसमें किसी भी दिन कमी नहीं आई है। 16 अगस्त को यह 9.44त्न पर चली गई।

गांवों में 27 जुलाई के बाद से बेरोजगारी की दर 6 फीसदी से ज्यादा रही है। पूरे देश में यह 24 जुलाई से लगातार बढ़ी है। केवल एक अगस्त को इसमें मामूली कमी आई थी।

**नरेगा के तहत रोजगार में 47 फीसदी की गिरावट**

मनरेगा के रोजगार में जुलाई की तुलना में अगस्त में 47 फीसदी की गिरावट आई है। आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में कुल कामगारों की संख्या 22.2 करोड़ प्रतिदिन रही, जो जून में 42.2 करोड़ प्रतिदिन थी।

# अनाज का होगा रिकॉर्ड उत्पादन पर घट सकती है गेहूं की पैदावार, दलहन-तिलहन में होगी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** देश में 2021-22 के फसल वर्ष के दौरान रिकॉर्ड 31.5 करोड़ टन अनाज उत्पादन की उम्मीद है। हालांकि, इस दौरान गेहूं की पैदावार करीब तीन फीसदी घटकर 10.6 करोड़ टन रह सकती है।

लू की वजह से उत्तरी भारत जैसे पंजाब और हरियाणा में गेहूं की फसलों पर बुरा असर हुआ है। कृषि मंत्रालय ने 2021-22 के लिए अपने चौथे अग्रिम अनुमान में कहा कि चावल, मक्का, दलहन, चना, सरसों, तिलहन और गन्ने का रिकॉर्ड उत्पादन होने की उम्मीद है। 2021-22 का फसल वर्ष जुलाई, 2021 से जून, 2022 के बीच है।

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा, 2020-21 के दौरान देश में अनाज का उत्पादन 31.07 करोड़ टन हुआ था। आंकड़ों के मुताबिक, गेहूं का उत्पादन 2020-21 में 10.9 करोड़ टन हुआ था। चावल का उत्पादन 2021-22 के दौरान 13.02 करोड़ टन होने का अनुमान जताया गया है। उसके पहले के साल में यह 12.4 करोड़ टन था।



**दलहन-तिलहन में बढ़ोतरी**

मंत्रालय ने कहा, दालों का उत्पादन 2.76 करोड़ टन रह सकता है जो एक साल पहले 2.54 करोड़ टन था। गैर खाद्यान में तिलहन का उत्पादन 3.59 करोड़ टन से बढ़कर 3.76 करोड़ टन हो सकता है। सरसो का उत्पादन 1.77 करोड़ टन जबकि गन्ने का उत्पादन 43 करोड़ टन रहने की उम्मीद है। एक साल पहले गन्ना का उत्पादन 40.05 करोड़ टन था।

**कपास का उत्पादन घटेगा**

मंत्रालय ने कहा, कपास का उत्पादन 3.5 करोड़ गांठ से घटकर 3.1 करोड़ गांठ रहने का अनुमान है। एक गांठ में 170 किलो वजन होता है। जूट की पैदावार 1.31 करोड़ गांठ रहने की उम्मीद है जो एक साल पहले 93 लाख गांठ थी। इसमें एक गांठ में 180 किलो होता है।

# डीजीसीए ने कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच एयरलाइंस को जारी किया निर्देश



**नई दिल्ली**। वैश्विक महामारी कोरोना के मामलों में एक बार फिर तेजी आई है। देश की राजधानी दिल्ली और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में कोरोना के मामले में इजाफा देखने को मिल रहा है। ऐसे में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइंस कपनियों को निर्देश जारी किया है।

विमानन नियामक डीजीसीए ने देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए एक बार फिर मास्क को पहनना अनिवार्य कर दिया है। डीजीसीए ने एयरलाइंस कंपनियों को उड़ान के दौरान मास्क नहीं पहनने वाले यात्रियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। दरअसल, देश के कई शहरों में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए नागर विमानन महानिदेशालय ने ये निर्देश जारी किया है।

डीजीसीए ने जारी निर्देश में एयरलाइनों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी है कि यात्रा के दौरान विमान में यात्री ठीक से फेस मास्क पहने हुए हैं या नहीं। इसे विमानन कंपनियां उड़ान से पहले संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित करें। यदि कोई यात्री इन निर्देशों का पालन नहीं करता है, तो एयरलाइन कंपनियां यात्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

# क्रिप्टो करेंसी बाजार में फिर आई कमजोरी, बिटकॉइन 24,000 डॉलर से नीचे लुढ़का

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में एक बार फिर गिरावट का रुख दिखने लगा है। पिछले चार दिन की मजबूती के बाद पिछले 24 घंटे के दौरान दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी तथा इथेरियम ब्लॉकचेन से जुड़ी ईथर में कमजोरी दर्ज की गई है। इस कमजोरी के कारण बिटकॉइन 24,000 डॉलर के स्तर से नीचे लुढ़क गया है। ईथर भी 2,000 डॉलर के स्तर पर नहीं टिक सका है। पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान भारतीय समय के मुताबिक आज शाम 3 बजे बिटकॉइन 1 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,988 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा था। ईथर 2,000 डॉलर के स्तर से नीचे गिर कर 1,892 डॉलर के स्तर पर आ गया है। इसके पहले शनिवार को ईथर ने लंबी छलांग लगाकर 2,000 डॉलर के स्तर को पार करने में सफलता पाई थी।

# मुनाफावसूली के दबाव में शेयर बाजार में कमजोरी का रुख

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से लगातार जारी तेजी के बाद आज घरेलू शेयर बाजार में नरमी का माहौल बना हुआ है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे हैं। मुनाफावसूली के चक्कर में हो रही बिकवाली के कारण बाजार में कारोबार की शुरुआत से ही गिरावट का रुख बना हुआ है।

आज के शुरुआती कारोबार में आईटी, फार्मास्यूटिकल, ऑयल एंड गैस, हेल्थ केयर और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार दबाव बना हुआ है। शेयर बाजार के दिग्गज शेयरों में से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंस्ट्रक्शन, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के शेयरों में लिवाली के सपोर्ट से तेजी का रुख बना हुआ है। दूसरी ओर डॉ. रेड्डीज लेबोरेट्रीज, ओएनजीसी, सन फार्मास्यूटिकल्स, विप्रो और सिप्ला के शेयरों में बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट का रुख बना हुआ था।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स में आज 179.94 अंक की गिरावट के साथ 60,080.19 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही कारोबार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण थोड़ी ही देर में सेंसेक्स 291 अंक की कमजोरी के साथ 59,969.08 अंक के स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद खरीदारों ने बाजार को संभालने के लिए तेजी से लिवाली की शुरुआत की।

इस लिवाली के सपोर्ट से 10 बजे के थोड़ी देर बाद सेंसेक्स निचले स्तर से रिकवरी करके 27 अंक की बढ़ोतरी के साथ 60,287.13 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद एक बार फिर बाजार में बिकवाली का



दबाव करने के कारण सेंसेक्स में गिरावट आने लगी। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरुआती 2 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 11:15 बजे सेंसेक्स 134.46 अंक की कमजोरी के साथ 60,125.67 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी आज 45.60 अंक की गिरावट के साथ 17,898.65 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही निफ्टी में भी बाजार में जारी तेज बिकवाली के कारण गिरावट का रुख बना। थोड़ी ही देर में ये सूचकांक लुढ़क कर 17,863.45 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही बाजार को संभालने के लिए घरेलू संस्थागत निवेशकों ने तेज खरीदारी की शुरुआत कर दी, जिससे निफ्टी की चाल में भी तेजी आने लगी।

खरीदारी के इस सपोर्ट से सुबह 10 बजे के करीब निफ्टी ने निचले स्तर से रिकवरी करके 10.40 अंक की तेजी के साथ 17,954.65 अंक के स्तर तक पहुंचने में सफलता हासिल कर ली। लेकिन इसके बाद एक बार फिर बिकवाली के दबाव की वजह से निफ्टी में गिरावट का रुख बन गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 2 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 11:15 बजे निफ्टी 39.80 अंक की कमजोरी के साथ 17,904.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण प्री ओपनिंग सेशन में भी आज घरेलू शेयर बाजार ने कमजोरी के साथ ही कारोबार की शुरुआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 181.17 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,078.96 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 45.60 अंक यानी 0.25 प्रतिशत टूटकर 17,898 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी सेंसेक्स 417.92 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ 60,260.13 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 119 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,944.25 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

# कैट ने एमसीडी के विभिन्न करों में वृद्धि पर अमित शाह से किया हस्तक्षेप का आग्रह

**नई दिल्ली**। दिल्ली नगर निगम की मनमानी और तानाशाही रवैये से क्षुब्ध होकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र भेजा है।

व्यापारियों को हो रही भारी आर्थिक नुकसान से तंग आकर कैट ने अमित शाह को एक पत्र लिखा है। कारोबारी संगठन ने गृहमंत्री को भेजे एक पत्र में उनसे दिल्ली के व्यापारियों पर संपत्ति कर, पार्किंग एवं कन्वर्शन चार्जेज, व्यापार लाइसेंस शुल्क और सफाई कर की दरों में मनमानी, तर्कहीन तथा अनुचित बढ़ोतरी के मुद्दे पर सीधे हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। कैट का कहना है कि एमसीडी के मनमानी से दिल्ली में व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन करना काफी मुश्किल हो गया है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि नियमित तौर पर व्यापार को किसी न किसी बहाने से अधिक राजस्व प्राप्त करने का जरिया बनाया जा रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो दिल्ली के व्यापारी अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को यूपी और हरियाणा के आसपास के इलाकों में शिफ्ट करने को मजबूर हो जाएंगे। कारोबारी संगठन ने कैट ने इस पत्र की एक प्रति केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी को भी भेजा है।

कारोबारी संगठन कैट ने कहा कि जिसने हमेशा कई मुद्दों पर केंद्र सरकार का पक्ष लिया है और केंद्र सरकार ने भी कैट के उठाए गए अनेक मुद्दों का समय-समय पर समाधान भी किया है। ऐसे में अब एमसीडी के विभिन्न अनुचित शुल्कों पर आवाज उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

गृहमंत्री अमित शाह को भेजे अपने पत्र में खंडेलवाल ने कहा है कि दिल्ली नगर निगम ने संपत्ति कर, व्यापार लाइसेंस शुल्क और कन्वर्शन और पार्किंग शुल्क में अभूतपूर्व वृद्धि की है, जिससे व्यापारियों पर भारी वित्तीय बोझ पड़ा है। इसके अलावा एमसीडी ने अनुचित सफाई कर लगा कर व्यापारियों को बड़ी संख्या में नोटिस भी जारी किए हैं जिनका कोई औचित्य ही नहीं है। एमसीडी ने किसी भी व्यापारिक संगठन से इस मुद्दे पर कोई परामर्श नही किया है।

कैट के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा एवं प्रदेश महामंत्री देव राज बवेज़ा ने कहा कि दिल्ली के व्यापारियों से पार्किंग और कन्वर्जन चार्ज के रूप में हजारों करोड़ रुपये लेने वाली एमसीडी ने केंद्र सरकार के उन नियमों की धज्जियां उड़ाई हैं, जिनके तहत उक्त कर संग्रह को एक एस्क्रौ एकाउंट में जमा किया जाना था और इस राशि को संबंधित व्यापार संघ के परामर्श से इन बाजारों में पार्किंग और अन्य बुनियादी ढांचे के विकास के लिए उपयोग किया जाना था।

# युवाओं के निवेश से भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग का तेजी हो रहा ग्रोथ

**देहरादून।** कोटक एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मनीष मेहता ने कहा कि युवा पीढ़ी के निवेशकों ने म्यूचुअल फंड के क्षेत्र में एसआईपी जैसे निवेश के नए साधनों में काफी दिलचस्पी दिखाई है। इसी का असर है कि पिछले कुछ सालों में भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग का बड़ी तेजी से विकास हुआ है।

शहर के एक होटल में नैशनल हेड सेल्स, मार्केटिंग एवं डिजिटल बिजनेस कोटक एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मनीष मेहता ने पत्रकार सम्मेलन में यह बात कही। इस दौरान कहा कि युवाओं के निवेश में बढ़ते विशेष रुची से भारतीय बाजार में ग्रोथ की संभावनाएं तेजी से बढने लगी है।

जो निवेशकों के साथ बाजार के लिए अच्छा संकेत है। उन्होंने बताया कि म्यूचुअल फंड (केएमएफ) के लिए वित्त वर्ष बेहद उत्साहजनक रहा है। अपने उत्पादों पर विशेष ध्यान देने की हमारी रणनीति ने वितरण नेटवर्क में अपने दायरे का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मनीष मेहता ने बताया कि कोटक म्यूचुअल फंड में हम एसआईपी का सक्रियतापूर्वक प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उतार-चढ़ाव के दौर में भी एसआईपी ने नियमित और अनुशासित निवेशकों के निवेश को संतुलित बनाए रखा है। निवेशक हमारी मौजूदा योजनाओं में से किसी एक को चुन सकते हैं और एसआईपी के जरिए निवेश शुरू कर सकते हैं। देहरादून सबसे बड़ा बाजार है और यह उत्तराखंड के कुल एयूएम के 80 फीसदी से अधिक का योगदान देता है। उत्तराखंड में इक्विटी निवेश कुल एयूएम का लगभग 81 फीसदी योगदान देता है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में 700 पैनलबद्ध म्यूचुअल फंड वितरक मौजूद हैं। वर्तमान में कोटक म्यूचुअल फंड उत्तराखंड के अंदर देहरादून, हरिद्वार व हल्द्वानी तीन स्थानों पर मौजूद है।

मनीष मेहता ने बताया कि कंपनी ने परिसंपत्ति की सभी श्रेणियों में एसेट अंडर मैनेजमेंट में वृद्धि दर्ज की है। वर्तमान में, कोटक म्यूचुअल फंड में एसआईपी खातों की संख्या 27 लाख से अधिक जून 2022 तक है। जिसके माध्यम से निवेशक इसकी म्यूचुअल फंड योजनाओं में नियमित रूप से निवेश करते हैं। कोटक म्यूचुअल फंड के निवेशकों के बीच कोटक फ्लेक्सीकैप फंड, कोटक ब्लूचिप, कोटक इमर्जिंग इक्विटी और कोटक इक्विटी अपॉर्चुनिटीज जैसे उत्पाद हैं।

# दुनियाभर में इस्तेमाल होने वाले करीब 60 फीसदी टीके भारतीय : सीतारमण

**नई दिल्ली**। दिल्ली नगर निगम की मनमानी और तानाशाही रवैये से क्षुब्ध होकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र भेजा है।

व्यापारियों को हो रही भारी आर्थिक नुकसान से तंग आकर कैट ने अमित शाह को एक पत्र लिखा है। कारोबारी संगठन ने गृहमंत्री को भेजे एक पत्र में उनसे दिल्ली के व्यापारियों पर संपत्ति कर, पार्किंग एवं कन्वर्शन चार्जेज, व्यापार लाइसेंस शुल्क और सफाई कर की दरों में मनमानी, तर्कहीन तथा अनुचित बढ़ोतरी के मुद्दे पर सीधे हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। कैट का कहना है कि एमसीडी के मनमानी से दिल्ली में व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन करना काफी मुश्किल हो गया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि नियमित तौर पर व्यापार को किसी न किसी बहाने से अधिक राजस्व प्राप्त करने का जरिया बनाया जा रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो दिल्ली के व्यापारी अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को यूपी और हरियाणा के आसपास के इलाकों में शिफ्ट करने को मजबूर हो जाएंगे। कारोबारी संगठन ने कैट ने इस पत्र की एक प्रति केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी को भी भेजा है।

कारोबारी संगठन कैट ने कहा कि जिसने हमेशा कई मुद्दों पर केंद्र सरकार का पक्ष लिया है और केंद्र सरकार ने भी कैट के उठाए





गए अनेक मुद्दों का समय-समय पर समाधान भी किया है। ऐसे में अब एमसीडी के विभिन्न अनुचित शुल्कों पर आवाज उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

गृहमंत्री अमित शाह को भेजे अपने पत्र में खंडेलवाल ने कहा है कि दिल्ली नगर निगम ने संपत्ति कर, व्यापार लाइसेंस शुल्क और कन्वर्शन और पार्किंग शुल्क में अभूतपूर्व वृद्धि की है, जिससे व्यापारियों पर भारी वित्तीय बोझ पड़ा है। इसके अलावा एमसीडी ने अनुचित सफाई कर लगा कर व्यापारियों को बड़ी संख्या में नोटिस भी जारी किए हैं जिनका कोई औचित्य ही नहीं है। एमसीडी ने किसी भी व्यापारिक संगठन से इस मुद्दे पर कोई परामर्श नही किया है। कैट के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा एवं प्रदेश महामंत्री देव राज बवेज़ा ने कहा कि दिल्ली के व्यापारियों से पार्किंग और कन्वर्जन चार्ज के रूप में हजारों करोड़ रुपये लेने वाली एमसीडी ने केंद्र सरकार के उन नियमों की धज्जियां उड़ाई हैं, जिनके तहत उक्त कर संग्रह को एक एस्क्रौ एकाउंट में जमा किया जाना था और इस राशि को संबंधित व्यापार संघ के परामर्श से इन बाजारों में पार्किंग और अन्य बुनियादी ढांचे के विकास के लिए उपयोग किया जाना था।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# गुजरात के राज्यपाल और मुख्यमंत्री की प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की शुभकामनाएं

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com



गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के पावन पर्व राज्य के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्ष और परम आस्था के साथ मनाया जाता है।

भगवान श्रीकृष्ण का उपदेश सभी के जीवन को उन्नत बनाने के लिए आत्मसात करने की और फल की चिंता करे बगैर निष्काम कर्म करने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर राज्य के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि कृष्ण जन्मोत्सव का यह पर्व परम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जाता है। ऐसे में यह पर्व समाज में प्रेम, शांति, सामाजिक समरसता और बंधुत्व की भावना को और भी सुदृढ़ बनाएगा।

# सूरत के महिला सुरक्षा गृह से दीवार कूदकर भागीं दो किशोरियां, महाराष्ट्र के रत्नागिरी में एक मिली, दूसरे की तलाश शुरू

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com




सूरत में महिला आश्रय से भाग निकलीं। पता चला है कि दीवार फांद कर फरार हुई दो युवतियां रामनगर की ओर चल पड़ी थीं। बाद में सूचना मिलने पर कि दोनों बच्चियां महाराष्ट्र भाग गई हैं, उनमें से एक लड़की मृत पाई गई, जबकि दूसरी लड़की की आगे की जांच की जा रही है.

भटकती लड़कियों को पुलिस शेल्टर लिया गया पांडेसरा और लिंबायत इलाकों में घूम रही 16 और 15 साल की लड़कियों को पुलिस ने पुलिस शेल्टर में ले जाया गया. बाद में ये लड़कियां इसलिए भाग गईं क्योंकि वे यहां नहीं रहना चाहती थीं। दोनों बच्चियां दीवार फांद कर भाग निकलीं और आगे की जांच रांदर पुलिस ने की है. पता चला कि किशोरी बालिकाएं महाराष्ट्र भाग गई हैं। तो जांच में एक मिला है। जबकि दूसरी लड़की से और पूछताछ की जा रही है। लड़कियों को 13वां दिया गया महिला सुरक्षा गृह प्रभारी अधीक्षक रूबी जिलादार सिंह ने बताया कि 13 तारीख की सुबह एक बच्ची को ले गए. बाद में दोपहर बाद एक और युवती को पांडेसरा व लिंबायत थाना क्षेत्र से अलग-अलग तरीकों से लाया गया। चूंकि 14 तारीख को हमारा कार्यक्रम था और चूंकि रविवार की छुट्टी थी, इसलिए इन लड़कियों की न तो काउंसलिंग की गई और न ही उनसे मुलाकात की गई। फिर ये दोनों लड़कियां एक नज़र या किसी और तरीके से आपके संरक्षण ग्रह से गुज़रीं। जिसके बारे में पुलिस को सूचना दी गई। जिसमें पता चला कि ये दोनों ट्रेन में सवार होकर भाग निकले। 15 साल की बच्ची मिली है। जबकि दूसरे किशोर की तलाश की जा रही है।

# पडौसी राज्यों से शराब आती है तो उसे रोकने की जिम्मेदारी गुजरात सरकार की : गहलोत

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

गुजरात की शराबबंदी को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की भाजपा सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अगर पड़ौसी राज्यों से गुजरात में शराब आती है तो उसे रोकने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। अगर राजस्थान से शराब आती है तो हमसे बात करो हम गुजरात में शराब नहीं आने देंगे। गुजरात विधानसभा के आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर अशोक गहलोत दो दिन से गुजरात में हैं और कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। अहमदाबाद में आज गहलोत ने पत्रकार परिषद में कांग्रेस का डिजीटल कैम्पेन लोंच करते हुए कहा कि गुजरात में शराबबंदी केवल कागजों तक सीमित है। यहां शराब की होम डिलीवरी होती है। गहलोत ने कहा कि अगर शराब पड़ौसी राज्यों से आती है तो उसे रोकने की जिम्मेदारी गुजरात सरकार की है7 अगर राजस्थान से शराब आती है तो गुजरात सरकार को हमसे बात करनी चाहिए। हम राजस्थान से गुजरात में शराब नहीं आने देंगे। अशोक गहलोत ने कहा कि गुजरात में 27 वर्ष से भाजपा के शासन होने के बावजूद गवर्नन्स नहीं है। पूरी सरकार बदलने की आखिर क्या जरूरत पड़ी, क्या सभी नाकाम थे? गुजरात में कहर बरपा रहे लम्पी वायरस को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग करते हुए अशोक गहलोत ने कहा कि फिलहाल इस रोक की वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में गाय माता का क्या होगा? देश के सात राज्यों को लम्पी वायरस ने अपनी चपेट में ले लिया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के 20 जिलों में भी लम्पी वायरस कहर बरपा रहा है। ईडी को लेकर अशोक गहलोत ने कहा कि आज सभी व्यापारी डरे हुए हैं। ईडी के डर से कोई व्यापारी कुछ भी कहने से बच रहा है। देश में आज ईडी का राज चल रहा है। गुजरात विधानसभ चुनाव के लिए अशोक गहलोत ने आज अशोक गहलोत ने कांग्रेस का डिजीटल कैम्पेन लोंच किया। जिसमें गुजरात के प्रत्येक क्षेत्र में कांग्रेस की टीम जाएगी और लोगों की बात सुनकर एक रिपोर्ट तैयार करेगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर मेनिफेस्टो बनाया जाएगा।


अशोक गहलोत ने कहा कि 2017 में गुजरात में कांग्रेस की सरकार बनते बनते रह गई। पीएम मोदी ने जिस प्रकार एक अभिनेता की तरह अभिनय करते हैं, वैसा अभिनय हम नहीं कर सकते। मोदी ने मणीशंकर अयैर के बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया।

खुद को नीच बताकर मोदी ने लोगों की सहानुभूति बटोरी। मोदी जैसे हमारे संस्कार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज संविधान की अवगणना हो रही है। वे धर्म के नाम पर चुनाव जीत रहे हैं और उस पर उन्हें अभिमान है।

# सूरत में ट्रैफिक पुलिस घटना की लाइव स्ट्रीमिंग करने वाले अधिवक्ता पर सोशल मीडिया पर हमला, अस्पताल में भर्ती

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत में लस्काना पुलिस चौकी के पास अधिवक्ता मेहुल बोगरा के साथ ट्रैफिक पुलिस







के आरक्षकों और उनके गुर्गों ने मारपीट की. घटना को लेकर पूरे शहर में ट्रैफिक पुलिस व उनके समर्थकों द्वारा रंगदारी वसूली का मामला काफी चर्चा में रहा है. आज सुबह लसकाना पुलिस चौकी पहुंचकर सोशल मीडिया पर लाइव होने की कोशिश में मेहुल बोगरे पर हमला किया गया.

ट्रैफिक पुलिसकर्मी के वायरल वीडियो पर हमला

सूरत शहर के कुछ इलाकों में ट्रैफिक पुलिस द्वारा बड़े पैमाने पर चोरी की बवाल मच गई. हर तरफ से शिकायतें आ रही हैं कि ट्रैफिक आरक्षकों



और अन्य स्थानीय लोगों की मदद से उनका पीछा किया जा रहा है. कुछ दिनों पहले, सूरत के वकील मेहुल बोगरा सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिसमें ट्रैफिक पुलिस को उसके दोस्तों की मदद से बहकाने का एक वीडियो भी लाइव हो गया था।

ट्रैफिक चालकों द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत

मेहुल बोगरा वहां गया और लसाकाना के पास ट्रैफिक जाने वालों के बड़े पैमाने पर शौच करने की खबर मिलते ही लाइव होना शुरूकर दिया। उसे देखते ही ट्रैफिक प्वाइंट पर खड़े कुछ युवकों ने उस पर घातक हथियारों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल प्रभाव से इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

मुझे मारने की कोशिश मेहुल बोगरा ने बताया कि एक माह पूर्व जब ये ट्रैफिक गार्ड व अन्य वाहन चालकों से अवैध रूप से रुपये वसूल कर रहे थे. इस दौरान उनके और कुछ ट्रैफिक कर्मियों व अन्य के बीच कहासुनी हो गई। जिसमें उन्होंने कहा, अगर अब से तुम सामने आए तो हम तुम्हें मार देंगे। आज जब मैं वहाँ पहुँचा तो प्रार्थना का सन्देश मिलते ही मुझ पर घातक हथियार से हमला कर दिया गया। वे एक रिक्शा में हथियार लेकर आए और जैसे ही मैं दिखाई दिया, छत मेरे ऊपर गिर गई और उन्होंने मुझे मारने की कोशिश की।

